RAF SECTOR

NEWS CLIP

11/06/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Delhi)

टप्पल में फूटा आक्रोश, लोगों ने एक्सप्रेसवे जाम किया

जागरण संवाददाता, अलीगढ़ : टप्पल में ढाई साल की बच्ची की हत्या से गुस्साए लोगों के 'नौ जून को टप्पल चलो' के आह्वान के चलते रविवार को कस्बा में पूरे दिन तनाव रहा। कस्बा में भीड़ का प्रवेश रोकने के लिए पुलिस ने सुबह से ही किलेबंदी कर ली थी। बाजार भी बंद रहे। जेवर, बुलंदशहर, दिल्ली, एटा आदि से पहुंचे युवक सुरक्षाचक्रों को तोड़कर यमुना एक्सप्रेसवे को जाम करने में सफल रहे। इससे पहले उनकी कस्बा में पुलिस से नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने पीड़ित परिवार के घर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया था। वहां सुबह पहुंचे कुछ महिला-पुरुषों को पुलिस ने लाठियां फटकार कर खदेड़ दिया। मीडिया को भी प्रवेश नहीं मिला। टप्पल आ रहीं साध्वी प्राची को जेवर टोल प्लाजा से ही पुलिस ने लौटा दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार से मिलना चाहती थीं। पीड़ित परिवार को सीएम से मिलवाएंगी।

कस्बा में तनाव की स्थिति है। पुलिस अधिकारी डेरा डाले हैं।

सोशल मीडिया पर टप्पल चलो की अपील की गई थी। इसे देखते हुए पांच कंपनी पीएसी, दो कंपनी आरएएफ, सात सीओ के साथ बड़ी संख्या पुलिस को टप्पल व आसपास तैनात किया गया था। अलीगढ़ रेंज के बाकी जिलों से पुलिस बुलाई गई थी। पुलिस ने सुबह सात बजे ही कस्बा की घेराबंदी कर ली थी। टप्पल जाने वाले हर मार्ग की नाकाबंदी की गई। हर वाहन की तलाशी ली गई। पीड़ित परिवार के घर जाने वाले मार्गों पर पुलिस कुछ ज्यादा ही चौकन्नी थी।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर जाम लगा रहे लोगों को खदेड़ते पुलिसकर्मी • जागरण

कई जिलों से पहुंचे युवा

पुलिस की घेराबंदी के बावजूद आसपास के गांव के लोग टोलियों में पहुंचने में सफल रहे। कोई मंच न मिलने पर वे कस्बा में यूं ही घूमते रहे। कुछ युवकों ने हत्यारोपितों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर नारेबाजी की। माहौल को भांपते हुए पुलिस ने उन्हें लठियाया तो हंगामा हो गया। पुलिस से धक्का-मुक्की हो गई। सीओ पंकज श्रीवास्तव का बैज गिर गया। महिला पुलिस ने महिलाओं को खदेड़ दिया।

स्पेशल कोर्ट में चलेगा मुकदमा: बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्येक जिले में विशेष न्यायालय गठित किया है। अलीगढ़ में एडीजे- सात (विशेष न्यायालय पॉक्सो) में इन मामलों की सुनवाई होती है। हालांकि, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी इस प्रकरण को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाने की बात कह रहे हैं।

संबंधित खबरें » पेज 13

Hindustan (Delhi)

टप्पल छावनी बना, कर्फ्यू जैसे हालात

अलीगढ़ हत्याकांड

अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता

अलीगढ़ के टप्पल में मासूम की निर्मम हत्या से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बच्ची के हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर रविवार को बुलाई गई महापंचायत पुलिस ने रोक दी। इलाके में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है और वहां कर्फ्यू जैसे हालात बने हुए हैं।

आसपास के इलाकों के तमाम लोगों ने महापंचायत करने और पीड़िता के घर पहुंचने की कोशिश की लेकिन प्रशासन ने उन्हें लौटा दिया। कुछ लोग किसी तरह पहुंचने में सफल हुए तो पुलिस ने लाठियां फटकार कर उन्हें खदेड़ दिया। 11 बजे पुलिस ने पीड़िता के घर जाने वाले सभी रास्ते सील कर दिए। मीडिया को भी तीन बजे के बाद ही जाने की इजाजत दी गई। उधर, छोटे-छोटे गुटों और जत्थों में आने वाले युवाओं की कई बार पुलिस से तीखी झड़पें हुई। लोगों को रोकने में पुलिस के पसीने छूट गए। दोपहर बाद पुलिस ने युवाओं को जिले की सीमाओं से बाहर किया, तब जाकर मामला शांत हुआ। एहतियातन आरएएफ और पीएसी को तैनात किया गया है।

जाम लगाया पेज 12

नोएडा, हरियाणा से आए लोगों को बॉर्डर पर रोका

नोएडा, हरियाणा और आसपास के जिलों से भी भारी भीड़ पहुंच रही थी। लोग बच्ची के घर जाने पर आमादा थे। अधिकारी उन्हें समझाने में लगे थे लेकिन कोई नहीं मान रहा था। पुलिस ने मुश्किल से जाम खुलवाया। माहौल गरम होने से टप्पल में बाजार बंद रहे।

साध्वी प्राची को जेवर टोल प्लाजा से पुलिस ने लौटाया

टप्पल में मासूम के घर जाने की कोशिश कर रहीं भाजपा नेत्री साध्वी प्राची को पुलिस ने जेवर टोल प्लाजा पर रोक लिया। प्राची ने मीडिया से बातचीत करते हुए योगी सरकार से हत्यारों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की।

Photos of Deployment/ Fam-Ex / Yoga Classes By RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।